





# किंग्स इलेवन पंजाब प्लेऑफ की रेस में बरकरार

## कप्तान श्रेयस अय्यर के शतक के दम पर लखनऊ की टीम को किया पराजित

**लखनऊ 23 मई.** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-68 में शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना पंजाब किंग्स से हुआ. लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स पर 7 विकेट से जीत हासिल की. पंजाब को जीत के लिए 197 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 18 ओवर में हासिल कर लिया. पंजाब किंग्स के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने 51 गेंद पर नाबाद 101 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे.

बता दें कि प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए पंजाब किंग्स को इस मुकाबले में जीत हासिल करनी थी. अब यदि राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स आज रविवार को अपने-



अपने आखिरी मुकाबले हारती है तो पंजाब प्लेऑफ में पहुंच जाएगी. हालांकि केकेआर की जीत की स्थिति में मामला नेट रनरेट पर फंसेगा. पंजाब किंग्स ने 14 मैच खेलकर 7 में जीत दर्ज की है और उसके 15 अंक हैं. दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स प्लेऑफ की रेस से पहले ही बाहर हो गई थी. लखनऊ सुपर जायंट्स के 14 मुकाबलों से 8 पॉइंट्स रहे. पंजाब की जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ की रेस से पूरी तरह बाहर हो गई. रनचेज में पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं. मोहम्मद शमी ने इनिंग्स की पहली ही गेंद पर प्रियांश आर्य को अर्जुन तेंदुलकर के हाथों कैच आउट करा दिया. इसके बाद शमी ने इनफॉर्म बैटर कूपर कोनोली (18 रन) को भी पवेलियन का रास्ता दिखाया. यहां से प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर ने मैच जिताऊ पार्टनरशिप की. दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 140 रन जोड़े. प्रभसिमरन ने 39 बॉल पर 69 रन बनाए, जिसमें सात चौके और दो छक्के शामिल रहे. प्रभसिमरन के आउट होने के बाद अय्यर और सूर्यांश (नाबाद 9 रन) ने टीम को जीत के द्वार तक पहुंचाया. इससे पहले लखनऊ की ओर इंग्लिस ने 44 गेंदों का सामना करते हुए 72 रन बनाए.

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| जोश इंगलिस | 72 | 44 | 9 | 2 |
| अर्शिन कुलकर्णी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| निकोलस पूरन | 2 | 7 | 0 | 0 |
| आयुष बडोनी | 43 | 18 | 5 | 3 |
| ऋषभ पंत | 26 | 22 | 3 | 0 |
| अब्दुल समद | 37 | 20 | 3 | 3 |
| मुकुल चौधरी | 1 | 3 | 0 | 0 |
| अर्जुन तेंदुलकर | 5 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 10, **कुल** 20 ओवर में 196/6

**पंजाब गेंदबाजी-** अर्शदीप सिंह 3-0-52-0, अज़मतुल्लाह उमरज़ई 3-0-29-1, मार्को जेनसेन 4-0-33-2, युजवेंद्र चहल 4-0-25-2, विजय कुमार वैशाक 3-0-26 -0, शशांक सिंह 3-0-29-1.

| पंजाब बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य | 0 | 1 | 0 | 0 |
| प्रभसिमरन सिंह | 69 | 39 | 7 | 2 |
| कूपर कोनोली | 18 | 10 | 4 | 0 |
| श्रेयस अय्यर | 101 | 51 | 11 | 5 |
| सूर्यांश शेडगे | 9 | 7 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** 3, **कुल** 18 ओवर में 200/3

**लखनऊ गेंदबाजी-** मोहम्मद शमी 4-0-45-2, प्रिंस यादव 3-0-32-0, मोहसिन खान 4-0-48-0, दिग्वेश राठी 3-0-39-0, अर्जुन तेंदुलकर 4-0-36-1.

### आईपीएल में कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आरसीबी | 14 | 9 | 5 | 0 | 18 | +0.783 |
| 2. | जीटी | 14 | 9 | 5 | 0 | 18 | +0.695 |
| 3. | हैदराबाद | 14 | 9 | 5 | 0 | 18 | +0.524 |
| 4. | पीबीकेएस | 14 | 7 | 6 | 1 | 15 | +0.309 |
| 5. | आरआर | 13 | 7 | 6 | 0 | 14 | +0.083 |
| 6. | केकेआर | 13 | 6 | 6 | 1 | 13 | +0.011 |
| 7. | सीएसके | 14 | 6 | 8 | 0 | 12 | -0.345 |
| 8. | डीसी | 13 | 6 | 7 | 0 | 12 | -0.871 |
| 9. | एमआई | 13 | 4 | 9 | 0 | 8 | -0.510 |
| 10. | एलएसजी | 13 | 4 | 10 | 0 | 8 | -0.740 |

### एक नजर में

## रैंकिंग के पीछे नहीं, सुधार के पीछे भागो : बोपन्ना



**नयी दिल्ली.** जिस उम्र में ज़्यादातर टेनिस खिलाड़ी खेल से संन्यास ले लेते हैं, उस उम्र में भी रोहन बोपन्ना नई ऊंचाइयां छूते रहे. साल 2024 में, 43 साल की उम्र में, भारतीय टेनिस के इस सितारे ने एटीपी डबल्स रैंकिंग में दुनिया के सबसे उम्रदराज़ नंबर 1 खिलाड़ी का खिताब जीता. इसके अलावा, मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतने के बाद, वह ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम पुरुष डबल्स का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी भी बन गए. दो दशकों से भी ज़्यादा लंबे करियर के बावजूद, बोपन्ना कहते हैं कि यह विश्वास कि उनका 'काम अभी अधूरा है', उन्हें चोटों, असफलताओं और उन पलों में भी प्रेरित करता रहा जब उन्हें लगा कि अब संन्यास का समय आ गया है. ओलंपिक्स डॉट कॉम के साथ एक खास इंटरव्यू में, बोपन्ना ने अपने लंबे करियर, भारत का प्रतिनिधित्व करने, टूर के दौरान किए गए त्याग और भारतीय टेनिस के भविष्य को लेकर अपनी उम्मीदों पर खुलकर बात की.

## आईसीसी बैठक में गेंद के रंग, ब्रेक टाइम पर चर्चा



**दुबई.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रेड-बॉल, व्हाइट-बॉल और पिंक-बॉल क्रिकेट में खेलने के हालात में बड़े बदलाव करने पर विचार कर रही है और बोर्ड की 30 मई को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में मंजूरी मिलने पर इसे लागू किया जा सकता है. क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित बदलावों में मुख्य कोच को ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत देना भी शामिल है. यह बदलाव मुख्य रूप से वनडे क्रिकेट के लिए है, जहां अभी केवल सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को ही मैदान में आने की इजाजत है. खेलने के हालात में मौजूदा क्लॉज में कहा गया है, 'मैदान पर ड्रिंक्स ले जाने वाले किसी भी खिलाड़ी को सही क्रिकेट ड्रेस पहननी होगी.' मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू करने पर मुख्य कोच को भी ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत होगी. हालाँकि, यह स्पष्ट नहीं है कि मुख्य कोच को भी टीम की जर्सी पहननी होगी या नहीं. एकदिवसीय क्रिकेट में, हर इनिंग में दो ड्रिंक्स ब्रेक की इजाज़त है, हर एक एक घंटे और 10 मिनट के अंतर पर तय है. अंतरराष्ट्रीय टी-20 में, मुख्य कोच को तकनीकी कारणों से ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों से सलाह करने की इजाजत पहले से ही है.



## युकी भांबरी फ्रेंच ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**पेरिस.** भारत के टॉप रैंक वाले टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी, फ्रेंच ओपन 2026 के पुरुष युगल मेन ड्रॉ का हिस्सा होंगे और उनके हमवतन एन. श्रीराम बालाजी भी इसमें शामिल होंगे. हालांकि, ये दोनों भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग पार्टनर के साथ जोड़ी बनाएंगे. फ्रेंच ओपन में भांबरी, न्यूज़ीलैंड के माइकल वीनस के साथ खेलेंगे, जबकि श्रीराम बालाजी, ब्राज़ील के मार्सेलो डेमोलाइनर के साथ टीम बनाएंगे. सिंगल्स मेन ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं होगा, क्योंकि करमन कौर थांडी क्वालीफ़ायर राउंड से आगे नहीं बढ़ पाईं. जूनियर कैटेगरी में, माया राजेश्वरन रेवती और अर्णव पापरकर क्रमशः गर्ल्स और बॉयज़ सिंगल्स इवेंट्स में खेलते हुए नज़र आएंगे.




## सबसे अच्छी टीम तैयार करना चाहते हैं : हेसन

**कराची.** पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा कि हम अगले डेढ साल में होने वाले विश्वकप को ध्यान में रखते हुए सबसे अच्छी टीम तैयार करना चाहते है. माइक हेसन ने अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी घरेलू एकदिवसीय सीरीज से पहले टीम में क्वालिटी और गहराई बनाने पर फोकस कर रहे हैं, क्योंकि हमारा ध्यान धीरे-धीरे अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप पर भी है. उन्होंने कहा, 'देखिए, मुझे लगता है कि डेढ साल में विश्व कप को ध्यान में रखते हुए एकदिवसीय क्रिकेट में आपको पता है, हमें समूह को बड़ा करना होगा. इसलिए हमेशा वही खिलाड़ी चुने जाने के बजाय, वनडे टीम पर काम चल रहा है. और कई एरिया हैं जिन्हें हमें विकसित करने की जरूरत है.

## मैं साकिब और मलिंगा से बहुत कुछ सीख रहा हूं : कमिंस

**हैदराबाद, 23 मई. पैट कमिंस दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाज़ों में से एक हैं, लेकिन उन्होंने माना कि सनराइज़र्स हैदराबाद (एसआरएच) के अपने साथियों से उन्होंने आईपीएल 2026 के दौरान गेंदबाज़ी के बारे में काफी कुछ सीखा है.**



उन्होंने ख़ास तौर पर इशान मलिंगा और साकिब हुसैन का ज़िक्र किया, जिन्होंने पूरे सीज़न में शानदार असर डाला है. मलिंगा एसआरएच के सबसे सफल विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे हैं, जिन्होंने 14 मैचों में 19 विकेट लिए हैं, जबकि डेब्यू सीजन खेल रहे साकिब ने 10 मैचों में 15 विकेट हासिल किए हैं. शुक्रवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर एसआरएच की 55 रन की जीत में इन दोनों ने अहम भूमिका निभाई.

## फ्रेंच ओपन के अलग हाफ में सिनर-जोकोविच

**अल्काराज चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर**

**सिनर- जोकोविच भिड़ सकते हैं संभावित फाइनल में**

**महिला वर्ग में गॉफ-सबालेंका मुकाबले पर नजरें**

**पेरिस, 23 मई. वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन का आगाज़ रविवार से होने जा रहा है और इस बार टूर्नामेंट कई बड़े रोमांच लेकर आ रहा है.**


पुरुष वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जेनिक सिनरऔर 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके नोवाक जोकोविच को ड्रॉ में अलग-अलग हाफ में रखा गया है. ऐसे में दोनों दिग्गजों की भिड़ंत केवल फाइनल में ही संभव होगी.



टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सबसे बड़ा झटका मौजूदा चैंपियन कार्लोस अलकाराज के बाहर होने से लगा है. कलाई की चोट के कारण स्पेनिश स्टार ने नाम वापस ले लिया, जिससे लगातार तीसरी बार रोलां गैरो जीतने की उनकी उम्मीद खत्म हो गई. अल्काराज की गैरमौजूदगी ने अब सिनर और जोकोविच को खिताब का सबसे बड़ा दावेदार बना दिया है.

युवा स्टार सिनर इस समय शानदार फॉर्म में हैं. दूसरी ओर, जोकोविच की नजर इतिहास रचने पर होगी. सर्बियाई दिग्गज रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने उतरेंगे. उनका पहला मुकाबला फ्रांस के जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से होगा. वहीं दूसरे वरीय खिलाड़ी एलेक्सेंडर ज्वेरेव फ्रांस के बेंजामिन बोंज़ी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे.

## ग्रीको रोमन पहलवान सागर-सूरज फाइनल में



**झनयी दिल्ली, 23 मई वियतनाम के दा नांग में आयोजित यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने अपने अभियान की शुरुआत ज़ोरदार तरीके से की.**

प्रतियोगिता के पहले ही दिन, टिएन सोन स्पोर्ट्स सेंटर में ग्रीको-रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज अपने-अपने भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबलों में पहुँच गए. भारत की ओर से 67किग्रा और 60किग्रा ग्रीको-रोमन श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला. इन दोनों श्रेणियों में पहलवानों ने आक्रामक तेवर दिखाए और दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए शाम को होने वाले फ़ाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की. सागर सिंह ने 67किग्रा श्रेणी में अपना दबदबा बनाए रखा. उन्होंने शुरुआती दौर के सभी मुकाबलों में रणनीतिक अनुशासन और निरंतरता के साथ कुश्ती लड़ी और स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया. 60किग्रा श्रेणी में सूरज भी फ़ाइनल में उनके साथ शामिल हो गए हैं. उन्होंने भी पूरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई और भारत के लिए कम से कम एक रजत पदक पक्का कर दिया है.

77किग्रा श्रेणी में, कुमार सचिन ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन सेमीफ़ाइनल के एक बेहद करीबी मुकाबले में अलीखान दुरसोनोव से हार गए. वहीं, 72किग्रा और 82किग्रा श्रेणियों में भारतीय पहलवान महाद्वीपीय स्तर के मज़बूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ पाए. पहले दिन पहलवानों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए, भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, 'मैं फ़ाइनल में पहुँचने वाले पहलवानों को अपनी हार्दिक बधाई देता हूँ.

## माधव होंगे उज्जैन फाल्कन्स का हिस्सा

**उज्जैन (मध्य प्रदेश), 23 मई इंदौर में होने वाली मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के लिए उज्जैन फाल्कन्स ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी सबसे बड़े आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आए हैं.**



इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे माधव तिवारी इस समय मध्य प्रदेश के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं. तेज गेंदबाजी करने वाले इस ऑलराउंडर ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी और निडर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है. टीम को लेकर उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कलानी ने कहा कि, 'हम एमपीएल के लिए तैयार की गई अपनी टीम को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं. माधव तिवारी ने हाल ही में उच्च स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है. हमें विश्वास है कि वह इस सीजन में उज्जैन फाल्कन्स के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनकर उभरेंगे. हमारा लक्ष्य निडर क्रिकेट खेलना और पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रशंसकों को जश्न मनाने के भरपूर मौके देना है.

## एमआई से बाहर होकर किशन में हुआ सुधार

**हैदराबाद.** अंबाती रायुडू के अनुसार स्टार खिलाड़ियों से भरी मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा नहीं रहने से इशान किशन को आज का खिलाड़ी बनने में मदद मिली है. रायुडू ने ईएसपीएन पर एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'किशन मुंबई जैसी टीम में बड़े होते हुए सुपरस्टार बनना चाहते थे, लेकिन अब वह अपने दम पर सुपरस्टार हैं. एमआई में अपने आसपास इतने बड़े सितारों के बीच स्वयं को साबित करना बहुत मुश्किल रहा होगा. वे खिलाड़ी जानते हैं कि अपने खेल को कब ऑन करना है और कब वापसी करनी है.



## टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में विक्टोरिया ने बनाई जगह

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस), 23 मई कनाडा की टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने स्ट्रासबर्ग में रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को हराकर इंटरनेशनॉक्स डे स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है.**

शुक्रवार को खेले गये सेमीफाइनल में कनाडा की म्बाको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमानिया की खिलाड़ी क्रिस्टियन को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में 7-6, 3-6, 6-2 से हराया. म्बोको 2026 का अपना तीसरा सेमीफाइनल खेल रही थी. 19 साल की म्बोको ने क्रिस्टियन के कई सेट पॉइंट बचाने के बाद टाईब्रेक में एक रोमांचक शुरुआती सेट जीता. दूसरे सेट में, रोमानिया की क्रिस्टियन ने डबल-ब्रेक की बढ़त बना ली थी और जब कनाडाई टॉप सीड खिलाड़ी वापसी करने की कोशिश कर रही थी, तो उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाये रखा.

पेरिस 2024 ओलंपियन ने मैच को 6-3 से बराबर करके इसे डिसाइडर में भेज दिया. वर्ल्ड नंबर 9 ने तीसरे सेट में अपनी अनफोर्स्ड गलतियों को कम किया, क्रिस्टियन की सर्व को दो बार तोड़कर बढ़त बना ली. म्बोको ने अपनी बढ़त बनाए रखी और दो घंटे 52 मिनट में जीत हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई. फाइनल में उनका सामना अमेरिका की एम्मा नवारो से होगा. नवारो ने हमवतन एन ली को सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की.

**आईपीएल 2026** ▶ **मुंबई-राजस्थान और दिल्ली-केकेआर के मैचों पर सबकी नजर**

# आईपीएल में आज होंगे दो महामुकाबले

**नई दिल्ली, 23 मई. आईपीएल 2026 अब अपने सबसे रोमांचक और निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां हर मैच सिर्फ दो अंकों की लड़ाई नहीं बल्कि अस्तित्व बचाने की जंग बन गया है. शनिवार को होने वाले दो बड़े मुकाबले राजस्थान रॉयल्स बनाम मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स बनाम कोलकाता नाईट राइडर्स — पूरे टूर्नामेंट की दिशा तय कर सकते हैं.**

एक तरफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी पर निगाहें टिकी होंगी, तो दूसरी तरफ




कोलकाता के ईडन गार्डन्स में प्लेऑफ की उम्मीदें गणित, दबाव और किस्मत के बीच झूलती नजर आएंगी. आईपीएल 2026 की सबसे बड़ी खोज बनकर उभरे 15 वर्षीय वैभव सुर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स के अभियान को नई ऊर्जा दी है. अपनी पिछली तीन पारियों में 230 से




अधिक के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाकर इस युवा बल्लेबाज ने पूरे क्रिकेट जगत का ध्यान खींच लिया है. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 38 गेंदों में खेली गई 93 रन की तूफानी पारी ने उन्हें सीजन का सबसे निडर बल्लेबाज बना दिया. यशस्वी जैस्वाल, ध्रुव जुरल और सूर्यवंशी की तिकड़ी राजस्थान की बल्लेबाजी की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है.

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में माहौल किसी नॉकआउट मुकाबले से कम नहीं होगा. केकेआर के लिए समीकरण साफ है—जीतो या बाहर हो जाओ. वहीं दिल्ली कैपिटल्स के लिए मुश्किल और भी बड़ी है. उन्हें सिर्फ जीत ही नहीं, बल्कि बड़े अंतर से जीत की जरूरत है ताकि नेट रन रेट की जंग में भी वे आगे निकल सकें. कोलकाता ने सीजन के दूसरे हिस्से में शानदार वापसी की है.

टीम की रणनीति शुरुआत से ही विपक्षी गेंदबाजों पर हमला बोलने की रही है और इसी आक्रामक अंदाज ने उन्हें कई बड़े स्कोर वाले मुकाबलों में जीत दिलाई है. अब वानखेड़े की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजों के लिए मददगार पिच पर एक और हाई-स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद है. हालांकि मुंबई इंडियंस के लिए यह मुकाबला प्रतिष्ठा बचाने जैसा है. रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे बड़े नामों से सजी टीम पूरे सीजन में लय हासिल नहीं कर सकी. 13 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ पांच बार की चैंपियन टीम अंक तालिका में संघर्ष करती नजर आई है. अब उनकी उम्मीदें काफी हद तक जसप्रीत बुमराह और दीपक चहार की गेंदबाजी पर टिकी होंगी.